# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (18.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 18.03.2025, PAGE-06**

# भूगोल के विद्यार्थियों ने लिया 75 फीसदी उपस्थिति का संकल्प

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि के भूगोल विभाग में पीजी सत्र 2024-26 में नामांकित छात्रों के लिए सोमवार को इंडक्शन मीट हुआ। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रूपा कुमारी ने छात्रों को विभाग की शैक्षणिक संरचना से अवगत कराया। साथ ही 75% उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया।

कहा कि नियमित कक्षाओं में भाग लेना अनुशासन और शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए आवश्यक है। सहायक प्राध्यापक डॉ. शीरी हयात ने पाठ्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए भूगोल विषय के व्यापक दृष्टिकोण और शोध की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं, अतिथि प्राध्यापक डॉ. राजेश्वर राय ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अध्ययन कार्य को गंभीरता से लेने को कहा। कार्यक्रम में दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में सोमवार को आयोजित इंडक्शन मीट में शामिल नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं।

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 18.03.2025, PAGE-06

# बीआरएबीयू: पीजी की तीसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में सोमवार से पीजी की तीसरी मेरिट लिस्ट के लिए दाखिला शुरू हो गया। हालांकि, पहले दिन विभागों और कॉलेजों में कम ही छात्र पहुंचे। पीजी में तीसरी मेरिट लिस्ट से 20 मार्च तक दाखिले लिए जाएंगे।

तीसरी मेरिट लिस्ट में 1733 छात्रों के नाम जारी किए गए हैं। इसके बाद छात्रों को विषय बदलने के लिए एडिट का विकल्प दिया जाएगा। पीजी में अब तक 7900 छात्रों का दाखिला हो चुका है। पीजी में 11 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए 26 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। पीजी की तीसरी मेरिट लिस्ट में दाखिले के लिए पहले दिन कम छात्र कॉलेज और विभाग पहुंचे। उधर, बीआरएबीयू के पीजी जूलॉजी विभाग में दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद दाखिला लेने वाले 9 विद्यार्थियों के नाम विवि के पोर्टल पर अपडेट नहीं किए गए। नाम अपडेट नहीं होने से पोर्टल पर तीसरी मेरिट लिस्ट में जूलॉजी विभाग में दस सीटें खाली दिखने लगीं। छात्रों के नामांकन को अब वीसी के आदेश के बाद अपडेट किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 18.03.2025, PAGE-04


# अप्रैल के पहले सप्ताह में हो सकती सीनेट की बैठक, जल्द होगी घोषणा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अप्रैल के पहले सप्ताह में सीनेट की बैठक हो सकती है। सब कुछ ठीक रहा तो विश्वविद्यालय की ओर से अगले महीने के प्रथम सप्ताह में किसी तिथि का निर्धारण कर राजभवन को मंजूरी के लिए भेजा जा सकता है।

28 मार्च तक विधानमंडल की कार्यवाही चलने के कारण राजभवन के निर्देश पर 27 मार्च को होने वाली बैठक को रोक दिया गया है। अब नई तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के आठ सदस्यों और एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव किया जाना है। पिछले दिनों निर्धारित तिथि के अनुसार 21 मार्च तक दोनों ही पदों के लिए नामिनेशन किया जाना है।

बताया जा रहा है कि सीनेट की बैठक की तिथि आगे बढ़ने के साथ ही इसमें भी परिवर्तन किया जाएगा। सबकुछ सीनेट की अगली तिथि पर निर्भर है। जल्द ही नई तिथि की घोषणा की जाएगी। दूसरी ओर अंगीभूत कालेजों, संबद्ध कालेजों और पीजी विभागों के शिक्षकों ने सिंडिकेट सदस्य के पद के लिए नामिनेशन पर्चा प्राप्त किया है। सिंडिकेट सदस्य के लिए टीचर कैटेगरी में कोई भी शिक्षक अपनी दावेदारी कर सकते हैं।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:18.03.2025 PAGE-04

## पीजी भूगोल विभाग में इंडक्शन मीट का आयोजन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी भूगोल विभाग में सोमवार से नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. रूपा कुमारी ने विद्यार्थियों को कक्षाओं में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक संरचना से अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक डा. शिरी हयात और अतिथि प्राध्यापक डा. राजेश्वर राय सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए।